# तालेघन परमाणु केंद्र पर बड़ा हमला

## इजरायल ने किया परमाणु क्षमताओं को नष्ट करने का दावा



**तेल अवीव 12 मार्च (वार्ता/शिन्हुआ) इजरायली सेना ने गुरुवार को दावा किया कि उसने कुछ दिन पहले ईरान की राजधानी तेहरान स्थित तालेघन परमाणु केंद्र पर बड़ा हमला किया है. इजरायल का कहना है कि ईरान इस केंद्र का इस्तेमाल अपनी परमाणु क्षमताओं को बढ़ाने और परमाणु हथियार विकसित करने के लिए कर रहा था.**

इजरायली सैन्य बयान के अनुसार, पिछले कुछ दिनों के भीतर तालेघन परिसर को निशाना बनाया गया है. इजरायल का आरोप है कि इस केंद्र का उपयोग हाल के वर्षों में उन्नत विस्फोटकों को विकसित करने और अमाद प्रोजेक्ट से संबंधित प्रयोगों के लिए किया जा रहा था.

### खाड़ी देशों पर ईरानी हमले के विरोध में प्रस्ताव पारित

**न्यूयॉर्क.** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 130 से अधिक देशों के साथ बुधवार को उस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें खाड़ी देशों और जॉर्डन के खिलाफ ईरान के हालिया भीषण हमलों की निंदा की गई है. सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गये इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया. किसी भी देश ने इसके खिलाफ मतदान नहीं किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया. इस प्रस्ताव का भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 130 से अधिक देशों ने सह-प्रायोजन किया.

### पाक के आरोपों को भारत ने सिरे से किया खारिज

**नई दिल्ली.** भारत ने कनाड़ा के साथ उसके यूरेनियम आपूर्ति समझौते को लेकर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि परमाणु अप्रसार के मामले में भारत की छवि बेदाग है और इस मामले में अपने खराब रिकार्ड से ध्यान भटकाने के लिए वह हास्यास्पद उपदेश दे रहा है। भारत ने पाकिस्तान के उन आरोपों का भी जोरदार खंडन किया है. जिनमें कहा गया है कि भारत अफगानिस्तान को पाकिस्तान के खिलाफ भड़का रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में भारत और कनाड़ा के बीच यूरेनियम आपूर्ति समझौते को लेकर पाकिस्तान के आरोपों से जुड़े सवाल पर कहा कि जिस देश का परमाणु अप्रसार के मामले में रिकार्ड पहले से ही खराब है उसका इस तरह के उपदेश देना हास्यास्पद है। गुप्त परमाणु प्रसार के इतिहास वाला कोई देश ऐसे बयान कैसे दे सकता है.

### वेस्कुलराइज्ड फिबुलर ग्राफ्टिंग से मरीज को मिला नया जीवन

**वाराणसी, 12 मार्च.** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान (बीएचयू आईएमएस) स्थित अस्थि रोग विभाग के डॉक्टरों ने एवैस्कुलर नेक्रोसिस (एवीएन) से पीड़ित एक युवती का वेस्कुलराइज्ड फिबुलर ग्राफ्टिंग तकनीक के जरिए सफल ऑपरेशन किया है। इस जटिल सर्जरी की मदद से मरीज के प्राकृतिक कूल्हे के जोड़ को सुरक्षित बचा लिया गया। यह सर्जरी अस्थि रोग विभाग के प्रो. डॉ. शिवम सिन्हा के निर्देशन में एक संयुक्त टीम द्वारा संपन्न की गई। इस टीम में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. सुदीप्तो बेरा (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. रोहित राय (असिस्टेंट प्रोफेसर), डॉ. दिग्विजय सिंह सिंधव (सीनियर रेजिडेंट) और अस्थि रोग विभाग के डॉ. राहुल राय (सीनियर रेजिडेंट) शामिल थे.

# मंदिरों में पशु बलि पर रोक की मांग

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से 4 सप्ताह में मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 12 मार्च. मंदिरों में पशु बलि पर रोक लगाने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है. याचिका में धार्मिक परंपराओं के पालन के लिए पशु बलि को वैध ठहराने वाले कानून को रद्द करने की मांग की गई है.**



कोर्ट ने केंद्र सरकार के पशुपालन मंत्रालय से 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है. श्रुति बिष्ट नाम की वकील की याचिका में पशु क्रूरता निषेध कानून, 1960 की धारा 28 में बदलाव की मांग की गई है.

यह धारा कहती है कि अगर किसी धर्म की परंपरा के अनुसार किसी पशु को मारा जाता है, तो उसे अपराध नहीं माना जाएगा. याचिकाकर्ता की दलीलें थोड़ी देर सुनने के बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप महता की बेंच ने याचिका पर नोटिस जारी कर दिया. याचिका में आरोप लगाया है कि मंदिरों में होने वाली पशु बलि को रोकने के लिए सरकार की ओर से पर्याप्त कार्रवाई नहीं की जा रही है.

याचिकाकर्ता ने अदालत से यह अनुरोध भी किया है कि धार्मिक अनुष्ठानों में होने वाली पशु बलि को रोकने के लिए नए कानून बनाए जाएं.

याचिका में कहा गया है कि भारत के हिमालयी क्षेत्र, उत्तर-पूर्व भारत, ओडिशा, बंगाल, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में पशु बलि की परंपरा मौजूद है. बलि के लिए कम उम्र के नर पशु चुने जाते हैं. कुछ दुर्लभ मामलों में तो लोग अपने बच्चे या खुद को भी देवी-देवताओं को समर्पित कर देते हैं.

### केवल इनकम के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर का दर्जा नहीं

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के क्रीमी लेयर से जुड़े मुकदमे में अहम टिप्पणी की। दो जजों की खंडपीठ ने आज अपने फैसले में कहा कि आरक्षण के इस मामले में अभ्यर्थी के क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता या अभिभावकों की सैलरी के आधार पर नहीं किया जा सका। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में सरकार की अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि क्रीमी लेयर दर्जा का निर्धारण करते समय माता-पिता या अभिभावकों के पदों और स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। बेंच ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया.

### देश में विस्थापित हुए 32 लाख ईरानी नागरिक

**जेनेवा.** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने गुरुवार को बताया कि ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले शुरू होने के बाद से अब तक करीब 32 लाख ईरानी नागरिक देश के भीतर ही विस्थापित हो चुके हैं। यूएनएचसीआर की आपातकालीन सहायता टीम के प्रमुख और मध्य पूर्व आपातकालीन शरणार्थी प्रतिक्रिया समन्वयक अयाकी इतो ने कहा कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार, चल रहे संघर्ष के परिणामस्वरूप ईरान के भीतर 6 लाख से 10 लाख परिवार अस्थायी रूप से विस्थापित हुए हैं। समन्वयक ने कहा कि यह संख्या लगभग 32 लाख लोगों तक पहुँचती है. उन्होंने चेतावनी दी कि संघर्ष आगे जारी रहता है तो यह आंकड़ा चिंताजनक रूप से आगे बढ़ेगा.

### हमले जारी रहे तो लेबनान पर कब्जा कर लेंगे



**तेल अवीव.** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने धमकी दी है कि अगर हिज्बुल्ला के हमले जारी रहे तो वे लेबनान पर कब्जा कर लेंगे और खुद इस काम को अंजाम देंगे। श्री काट्ज ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने लेबनान की सरकार को अंतिम चेतावनी दी है कि वे हिज़्बुल्लाह को उत्तरी इज़रायल में हमले करने से रोकें. नहीं तो इज़रायल की सेना लेबनान के इलाके पर हमला करेगी। एक रिपोर्ट में श्री काट्ज़ के हवाले से कहा गया, हिज्बुल्ला ने कल इज़रायल पर भारी गोलाबारी की। मैंने लेबनान के राष्ट्रपति को चेतावनी दी थी कि अगर लेबनान की सरकार को इलाके को नियंत्रित करना और हिज्बुल्ला को उत्तरी समुदायों को धमकाने तथा इजरायल पर गोली चलाने से रोकना नहीं आता है.

### इजरायली संस्था का वेबसाइट हैक किया

**तेल अवीव.** पश्चिम एशिया में गहराते संघर्ष के बीच बुधवार को ईरान से जुड़े हैकरों ने इजरायल के अकादमी ऑफ द हिब्रू लैंग्वेज की वेबसाइट को निशाना बनाया। एक रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने वेबसाइट के स्वरूप को बदल दिया। साइट खोलने पर अंग्रेजी में एक विचलित करने वाला संदेश दिखाई देने लगा, अब हिब्रू सीखने की कोई जरूरत नहीं है। आपको बहुत जल्द इसकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रिपोर्टों के मुताबिक, यह सेंधमारी फिलिस्तीन समर्थक समूह हंदाला द्वारा की गई है.

### अमेरिका का खर्च 11.3 अरब डॉलर पहुंचा

**वाशिंगटन.** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के अधिकारियों ने अमेरिकी सांसदों को जानकारी दी है कि ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के पहले छह दिनों में ही 11.3 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का खर्च आ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा कांग्रेस को प्राप्त अब तक का सबसे व्यापक प्रारंभिक अनुमान है. हालांकि, इसमें हमले शुरू होने से पहले सैन्य साजो-सामान और कर्मियों की तैनाती पर हुआ खर्च शामिल नहीं है। सांसदों का मानना है कि जैसे-जैसे पेंटागन पहले सप्ताह के खर्चों की पूरी गणना करेगा, यह संख्या काफी बढ़ सकती है। अभियान के शुरुआती दिनों में अमेरिका ने अत्यधिक सक्षम और सटीक निशाना लगाने वाले एजीएम-154 ग्लाइड बम जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया है। इनमें से एक अकेले बम की कीमत 5.7 लाख डॉलर से 8.3 लाख डॉलर के बीच होती है। अमेरिकी नौसेना ने करीब दो दशक पहले ऐसे 3,000 बम खरीदे थे,

# होटलों को कोयले के इस्तेमाल की मिलेगी अनुमति

## ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन के अंतराल पर

**नई दिल्ली 12 मार्च. सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण बनी परिस्थितियों को देखते हुए सिलेंडर और पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस पर दबाव कम करने के लिए होटलों और रेस्तरां में केरोसिन और कोयले के ईंधन के रूप में इस्तेमाल की अनुमति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है.**

इसके अलावा सीमित संख्या में वाणिज्यिक इस्तेमाल के सिलेंडरों की भी आपूर्ति की जायेगी जिसके लिए राज्य सरकारों को प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थियों की सूची बनानी होगी। सरकार ने गुरुवार को एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन के अंतराल पर ही की जा सकेगी। इससे पहले शहरी क्षेत्रों के लिए यह अवधि 25 दिन कर दी गयी थी। सरकार की ओर से बताया गया कि पश्चिम एशियाई देशों से अब तक एक लाख 30 हजार भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं और विभिन्न देशों से उडानों का संचालन हो रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में फंसे विभिन्न देशों के जहाजों पर 78 भारतीय नाविक थे जिनमें से 70 सुरक्षित निकाल लिये गये हैं जबकि चार घायल हैं और दुर्भाग्य से तीन की मौत हुई है जबकि एक लापता है.

सरकार ने कहा है कि इस पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष में वहां रहे भारतीयों में से 20 से अधिक घायल हुए हैं जिनमें से अधिकतर उपचार के बाद घर लौट गये हैं जबकि एक - दो की हालत गंभीर है। विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उचित कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि देश में गैस और पेट्रोल डीजल की आपूर्ति लगातार बनी हुई और देश के किसी भी हिस्से से इन पदार्थों की कोई कमी होने की सूचना नहीं है। लोग सिलेंडरों की बुकिंग में हड़बड़ी ने करें और अफवाहों पर ध्यान न दें.

### वायु सेना प्रमुख ने अग्रिम बेस पर मिग-29 लड़ाकू विमान में भरी उड़ान

**नई दिल्ली.** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने गुरुवार को वायु सेना की पश्चिमी कमान के एक अग्रिम ऑपरेशनल बेस पर बहुउद्देशीय मिग-29 यूपीजी लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। वायु सेना प्रमुख ने करीब पौने घंटे की उड़ान के बाद अग्रिम बेसों पर संचालन तैयारियों, युद्धक क्षमताओं और मिशन तत्परता की भी समीक्षा की। वायु सेना के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि यह दौरा वायु सेना की अग्रिम परिचालन इकाइयों के साथ नेतृत्व के निरंतर जुड़ाव को भी दर्शाता है। फ्लाइट लेफ्टिनेंट परविंदर सिंह ने फॉर्मेशन का नेतृत्व किया। लैंडिंग से पहले फॉर्मेशन ने रनवे के ऊपर एक सटीक पील-ऑफ युद्धाभ्यास किया.

### एक नजर में

#### किसानों को मिलेंगे दो हजार रुपये

**एमसीबी, 12 मार्च.** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत जिले के पात्र किसानों के खाते में 13 मार्च को दो हजार रुपये की राशि जमा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को असम के गुवाहाटी से देशभर के किसानों के खातों में योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 28,145 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 5.63 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। उप संचालक कृषि कार्यालय मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक पात्र किसान के खाते में 2,000 रुपए की राशि जमा होगी। यह राशि किसानों को कृषि कार्यों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से दी जा रही है, जिससे वे खेती-किसानी से जुड़े आवश्यक खर्चों को पूरा कर सकें.

#### बोस की अस्थियां लाने की याचिका पर सुनवाई नहीं

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भतीजे द्वारा दायर एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें टोक्यो के रेनकोजी मंदिर से बोस की मानी जाने वाली अस्थियों को भारत लाने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जायमाल्या बागची और विपुल एम.पंचोली की पीठ ने याचिका पर विचार करने में अनिच्छा दिखाई, जिसके बाद याचिकाकर्ता आशीष राय के लिए पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी. पीठ ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी. सिंघवी ने पीठ से कहा, मैं उस परिवार के सदस्यों का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं. जो अस्थियों को सम्मानजनक अंतिम विदाई देना चाहते हैं. मुख्य न्यायाधीश ने कहा, पहले तो अस्थियां कहां हैं? इसका क्या प्रमाण है? सिंघवी ने कहा कि यह दर्ज है कि भारत के हर प्रमुख ने जापान के रेनकोजी मंदिर में श्रद्धांजलि अर्पित की है.

#### बिल्डिंग को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा इमारत को बम से उड़ाने की धमकी वाला एक गुमनाम ईमेल मिलने के बाद अधिकारियों ने पूरे परिसर को खाली कराकर सभी स्थानों की गहन तलाशी ली है। गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने से कुछ देर पहले यह ईमेल मिला था जिसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने परिसर को खाली करा लिया और पूरी सुरक्षा जांच शुरू कर दी। जिस समय यह धमकी मिली, उस समय वहां विधानसभा और विधान परिषद के कई सदस्य, अधिकारियों के साथ परिसर में मौजूद थे। अलर्ट के बाद पुलिस कर्मियों ने सभी को परिसर से सुरक्षित बाहर निकाला और तुरंत एक श्वान दस्ते के साथ बम डिस्पोजल स्क्वॉड को तैनात किया.

# मां पाटेश्वरी के दरबार में योगी ने टेका माथा



**लखनऊ. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित प्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ माँ पाटेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन-पूजन किया.**

गोरक्षपीठाधीश्वर ने मां पाटेश्वरी की आरती उतारकर प्रदेशवासियों के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की. मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को बलरामपुर पहुंचे थे और उन्होंने मंदिर परिसर में ही रात्रि विश्राम किया.

गुरुवार सुबह उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और आगामी चैत्र नवरात्रि से पहले मंदिर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया.

### वर्षगांठ पर योगी ने बापू को किया नमन

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 1930 में शुरू हुए ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के सभी सत्याग्रहियों को कोटिशः नमन किया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1930 में आज ही के दिन महात्मा गांधी के नेतृत्व में नमक सत्याग्रह की शुरुआत साबरमती आश्रम से हुई थी. यह भारतीय स्वाधीनता संग्राम की उस ज्योति का प्रज्वलन था.

### आज का इतिहास

- 1781 - खगोलशास्त्री विलियम हर्शेल ने यूरेनस ग्रह का पता लगाया.
- 1800 - मराठा साम्राज्य को अपनी योग्यता से शिखर पर पहुंचाने वाले राजनेता नाना फडणवीस का निधन.
- 1878 - भारतीय भाषाओं के लिए देसी प्रेस अधिनियम - वर्नाकुलर प्रेस एक्ट-पारित किया। इसके अगले ही दिन अमृत बाजार पत्रिका को अंग्रेजी पत्र के रूप में प्रकाशित किया जाने लगा.
- 1881 - रूसी शासक अलेक्जेंडर द्वितीय की हत्या.
- 1892 - बॉम्बे-तांसा वाटर वर्क्स को खोला गया.

# दो बंगलादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 12 मार्च। दिल्ली पुलिस ने देश में कथित तौर पर गैर-कानूनी तरीके से रह रहे बंगलादेश के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों को जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया.**

इनकी पहचान दीसू कुमार पाल और रमा बेगम के रूप में हुई है। वे बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। पुलिस ने उनके पास से दो स्मार्टफोन और छह बांग्लादेशी पहचान पत्र बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपी पहले भी गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए थे और उन्हें पहले उत्तराखंड से वापस भेजा गया गया था। वे देश में फिर से घुसने में कामयाब रहे और फिर से गैर-कानूनी कामों में शामिल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोनों कथित तौर पर अवैध गतिविधियों का हिस्सा थे और लोगों को भारत में गैर-कानूनी तरीके से रहने में मदद कर रहे थे। दोनों के खिलाफ विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है, और उन्हें जल्द ही वापस भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह भी पता चला कि एक स्मार्टफोन में प्रतिबंधित आईएमओ एप्लीकेशन लगा हुआ था.

# सदन की गरिमा बनाना जिम्मेदारी : बिरला

**नई दिल्ली, 12 मार्च। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि सदन नियम परंपराओं से चलता है और इसकी गरिमा बनाये रखना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है.**



बिरला अपने खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के लोकसभा में खारिज होने के बाद गुरुवार को सदन में आये। उन्होंने कहा मैंने अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करते हुए अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिए जाने के साथ ही लोकसभा की कार्यवाही के संचालन से खुद को अलग कर लिया था। सदन द्वारा मुझ पर व्यक्त किए गए विश्वास के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं, इस विश्वास को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा के साथ निभाऊंगा। उन्होंने कहा, कि कुछ सदस्यों का मानना था कि नेता प्रतिपक्ष सदन से ऊपर हैं और किसी भी विषय पर बोल सकते हैं, लेकिन ऐसा विशेषाधिकार किसी को नहीं है और चाहे प्रधानमंत्री हों, मंत्री हों, विपक्ष के नेता हों या अन्य सदस्य, सभी को नियम के अनुसार ही बोलने का अधिकार है।

ये नियम सदन ने ही बनाए हैं और मुझे विरासत में मिले हैं। उन्होंने कहा की मैंने हमेशा यह प्रयास किया है कि लोकसभा में हर सदस्य नियमों के अनुसार अपने विचार रखें.

# आज और कल असम के दौर पर रहेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 और 14 मार्च को असम के दौरे पर असम के कोकराझार, गुवाहाटी और सिलचर में 47,800 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और भूमि पूजन करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री मोदी 13 मार्च को दोपहर कोकराझार में 4,570 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद श्री मोदी शाम गुवाहाटी में लगभग 19,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री 14 मार्च की सुबह सिलचर में करीब 23,550 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. मोदी कोकराझार में असम माला 3.0 परियोजना का भूमि पूजन करेंगे। इस योजना के तहत करीब 3,200 करोड़ रुपये से राज्य में 900 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही बोडोलैंड क्षेत्र में लगभग 1,100 करोड़ रुपये की छह सड़क परियोजनाओं (चार फ्लाईओवर और दो पुल) की भी आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिनमें कामाख्या-चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस और नारंगी-अगरतला एक्सप्रेस शामिल हैं।

# वनस्थली विद्यापीठ का दीक्षांत समारोह

**जयपुर, 12 मार्च.** वनस्थली विद्यापीठ का 42वाँ दीक्षांत समारोह शनिवार, 14 मार्च 2026 को आयोजित किया जा रहा है. दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, शैक्षिक प्रोद्योगिकी फोरम, भारत सरकार होंगे. वनस्थली विद्यापीठ के कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने प्रो. अनिल डी. की वनस्थली आगमन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वनस्थली विद्यापीठ में सर्वदा ऐसे ही महान विभूतियों को दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया जाता है.


### वनस्थली विद्यापीठ का 42वाँ दीक्षान्त समारोह

वनस्थली विद्यापीठ का 42वाँ दीक्षांत समारोह शनिवार, 14 मार्च 2026 को आयोजित किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रोद्योगिकी फोरम, भारत सरकार होंगे वनस्थली विद्यापीठ के कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे की वनस्थली आगमन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वनस्थली विद्यापीठ में सर्वदा ऐसे ही महान विभूतियों को दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया जाता है.



**M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
Regional Office, 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001 (M.P.), Phone: (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629
Website: invest.mp.gov.in, E-mail: ed.roind@mpidc.co.in, CIN: U51102MP1977SGC001392
No. MPIDC/INDORE/R.O.Ind./2026/3405-06 Date : 12.03.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Tender for the following works have been proceeded on the e-procurement system - **http://www.mptenders.gov.in** as mentioned below :-

| NIT No. | Name of Work | Probable Amount of Contract (PAC in Rs.) | Cost of Tender Form (Non refundable) (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD in Rs.) | Time Period (i/c Rainy Season) |
|---|---|---|---|---|---|
| 3405 | Miscellaneous Civil/Electrical/Water Supply/Road works at various Industrial Area of MPIDC RO Indore. | 419.00 Lacs | 23,600/- | 4,19,000/- | 12 Months |
| 3406 | Supply of LDO/FULE oil for CETP Boiler at I/A Meghnagar Distt. Jhabua. | 146.04 Lacs | 14,750/- | 1,46,040/- | 12 Months |

The Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased after publication in newspaper **within 7 working days** from website - **http://www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124879/2026 **EXECUTIVE ENGINEER**



**motilal oswal Home Finance**

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेलः hfquery@motilaloaswal.com. सीआईएन संख्याः U65923MH2013PLC248741

**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ पठित, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ताओं/गारंटियों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति, बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बेची जाएगी, जैसा कि SARFAESI अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित, नीचे विस्तार से बताया गया है। बेवसाईट www.motilaloswalhf.com नीचे दिए गए विवरण के अनुसारः

**ई-नीलामी की तिथि और समयः 30-03-2026 / 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के लिए असीमित विस्तार के साथ)**

| स. क्र. | उधारकर्ता/गारंटर/ ऋण खाता | मांग सूचना की तिथि और राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य, ईएमडी और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैनः LXMOJABALP5223-240663149 शाखाः जबलपुर ऋणकर्ताः दान बहादुर सिंह यादव सह-ऋणकर्ताः अरुणा यादव | 10-08-2025 रू. 596601/- (पांच लाख छियानवे हजार छह सौ एक मात्र) | मोजा में स्थित आवासीय भूखंड पाटन रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 15, पी.एच.नं. 24/56, ख. नं. 313/11, क्षेत्रफल विज्ञापन माप 97.58 वर्गमीटर पाटन तहसील पाटन जिला. जबलपुर 0 0 तह. पाटन 483113 जबलपुर मध्य प्रदेश | आरक्षित मूल्यः रू. 250000/- (दो लाख पचास हजार मात्र) ईएमडीः रू. 25000/- (पच्चीस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 29.03.2026 |
| 2 | लैनः LXMOJABALP5523-240691800 शाखाः जबलपुर उधारकर्ताः देवेन्द्र राजपूत सह-उधारकर्ताः रजनी राजपूत | 10-09-2025 रू. 775168/- (सात लाख पिचहत्तर हजार एक सौ अड़सठ मात्र) | आवासीय भूखंड के भाग पर स्थित है ख. नं. 12 रकबा 1.412 हेक्टेयर 1890 वर्गफीट का, मोजा खीरी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.05 (केथरा अन्य रोड) शाहपुरा तह.- शाहपुरा जिला-जबलपुर मप्र 0 0 के पास एचपी पेट्रोल पंप जेबीपी-बीपीएल रोड 483119 जबलपुर म. प्र. | आरक्षित मूल्यः रू. 400000/- (चार लाख मात्र) ईएमडीः 40000/- (चालीस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 29.03.2026 |
| 3 | लैनः LXBHO00315-160021806 शाखाः भोपाल ऋणकर्ताः अमित कुमार गुलाब सिंह पवार, सह-ऋणकर्ताः ममता बाई गुलाब सिंह पवार | 30-01-2024 रू. 1350069/- (तेरह लाख पचास हजार उनत्तर मात्र) | प्लॉट नंबर 35/36, नायब नंबर 599, पी.एच.नं. 28/33 नया - 6, ख.नं.116/2, मौजा-गढ़ा, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482002 | आरक्षित मूल्यः रू. 1100000/- (ग्यारह लाख मात्र) ईएमडीः रू. 110000/- (एक लाख दस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 29.03.2026 |

नियम एवं शर्तें 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे दिए गए नियमों एवं शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोली लगाने वाले बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली प्रपत्र के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार नीलामी के नियमों एवं शर्तों और प्रक्रिया को इसी पोर्टल पर देख सकते हैं और प्रशांत कुमार पांडे - 8819922304, मुकेश धाकड़ - 9372704710 से संपर्क कर सकते हैं। उपरोक्त वेब पोर्टल पर विवरण उपलब्ध हैं और वे अपने केंद्रीय सहायता डेस्कः +91 83709 69696, ईमेल आईडीः contact@auctionbazaar.com से भी संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 13.03.2026
**अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा**
एसडी-
**प्राधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
**(पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**